आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 26 अगस्त 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 258
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

हजारों घरों तक आज नहीं होगा जलप्रदाय



पेज-2

'डोंट बी शाइ' की यंग और कूल का दिखा नया अंदाज



पेज-5

रंगवासा शराब पार्टनरों की जुगलबंदी से बिक रही अवैध शराब



पेज-6

# निगम-मंडल की सूची हुई तैयार... अब ऐलान का इंतजार!

## लंबी बैठक और गहन मंथन के बाद 14 से 15 नामों पर बनी सहमति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में लंबे समय से अटकी निगम-मंडलों, विकास प्राधिकरणों और विभिन्न बोर्डों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा संगठन के बीच कई दौर की बैठकों और मंथन के बाद करीब 14 से 15 नामों पर लगभग सहमति बनने की चर्चा है। इनके पीछे राजनीतिक, सामाजिक और जातीय समीकरणों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, चूकि दतिया उपचुनाव की हाल में ये फैक्टर बेहद ही खासतौर पर उभरकर सामने आया है।

**सबसे ज्यादा इन जिलों पर नजर** : सत्ता और संगठन से जुड़े सूत्रों का दावा है कि संभावित नामों का पैनल तैयार कर लिया गया है और केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व के स्तर पर अंतिम सहमति के बाद नियुक्तियों की घोषणा का सिलसिला शुरू हो सकता है। हालांकि, अभी तक सरकार या भाजपा संगठन की ओर से किसी भी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रदेश की राजनीति में सबसे ज्यादा नजर इंदौर, भोपाल और जबलपुर विकास प्राधिकरण सहित पर्यटन, औद्योगिक, खनिज, बीज एवं फार्म विकास निगम और विभिन्न बोर्डों की नियुक्तियों पर टिकी हुई है।



**14 से 15 नियुक्तियों से शुरू हो सकता है पहला चरण** | सूत्रों के मुताबिक, सरकार सभी रिक्त राजनीतिक पदों पर एक साथ नियुक्तियां करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से घोषणा कर सकती है। पहले चरण में करीब 14 से 15 महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां किए जाने की संभावना है। इन नियुक्तियों में क्षेत्रीय संतुलन के साथ-साथ जातीय, सामाजिक और संगठनात्मक समीकरणों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। मालवा-निमाड़, बुंदेलखंड, महाकौशल, विंध्य और ग्वालियर-चंबल अंचल के नेताओं को प्रतिनिधित्व देने की कवायद चल रही है।

**इंदौर विकास प्राधिकरण में कई दावेदार** : इंदौर विकास प्राधिकरण में नियुक्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई नामों की चर्चा तेज है। सूत्रों के मुताबिक, कैलाश विजयवर्गीय के राजनीतिक खेमे से हरिनारायण यादव का नाम प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है। इसके अलावा कमलेश शर्मा, पूर्व विधायक जीतजिराती, गोपीकृष्ण नेमा, टीनू जैन और मुकेश राजावत के नामों पर भी संगठन स्तर पर विचार-विमर्श होने की चर्चा है। अंतिम फैसला क्षेत्रीय और राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखकर किया जा सकता है।

पर्यटन विकास निगम के लिए कई बड़े नाम, औद्योगिक विकास निगम के लिए अनुभवी नेताओं की चर्चा, खनिज विकास निगम के लिए ऐसे नेताओं के नाम चर्चा में है, जिन्हें चुनाव के समय टिकट नहीं मिला था और पार्टी ने उन्हें समायोजित करने का आश्वासन दिया था।

### अंतिम सूची पर सबकी नजर

निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां भाजपा के उन नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, जो लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहने के बावजूद किसी बड़ी जिम्मेदारी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में नियुक्तियों की यह सूची केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसके जरिए पार्टी आगामी राजनीतिक समीकरणों को भी साधने की कोशिश करेगी। फिलहाल सभी की निगाहें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के अंतिम फैसले पर टिकी हैं। यदि संगठन और सरकार के बीच नामों पर अंतिम सहमति बन जाती है, तो मध्यप्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों का लंबा इंतजार जल्द समाप्त हो सकता है।

---

# ई-अटेंडेंस पर जल्द आएगा स्कूल शिक्षा विभाग का नया सर्कुलर

## संकुल प्राचार्यों को मिलेगा राहत देने का अधिकार, मनमानी पर लगेगी रोक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश में ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षकों के विरोध के बीच स्कूल शिक्षा विभाग अब इसके पॉवर डेलिगेट करने की तैयारी में है। जल्द ही जिलों में पदस्थ संकुल प्राचार्यों को इसके पॉवर दिए जाएंगे और उचित कारण होने की दशा में संकुल प्राचार्य अपने विद्यालय क्षेत्र में आने वाले शिक्षकों को ई-अटेंडेंस लगाने के मामले में देरी पर राहत दे सकेंगे। जल्दी ही इसके आदेश विभाग जारी करने वाला है।

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था अब सामान्य स्थिति में आ गई है। रोज 97 से 98 प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस लगाई जा रही है, इसलिए अब उचित कारण के साथ संकुल प्राचार्यों को इससे संबंधित पॉवर दिए जाएंगे। जल्दी ही इसको लेकर अगले 15 दिनों में सर्कुलर जारी कर दिया जाएगा। आयुक्त सिंह ने कहा कि विभाग का उद्देश्य शिक्षकों को पीनलाइज या प्रताड़ित करना नहीं है बल्कि एक व्यवस्थित सिस्टम को प्रभावी करना है और शिक्षकों द्वारा इसका पालन भी किया जा रहा है। सिंह के अनुसार व्यवहारिक दिक्कतों को ई-अटेंडेंस में स्वीकार किया जाएगा लेकिन आदतन ई-अटेंडेंस नहीं लगाने और इसका दुरुपयोग करने की कोशिश पर एक्शन लिया जाएगा। इसके अलावा हमारे शिक्षक साफ्टवेयर में इससे संबंधित और भी जो दिक्कतें हैं, उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी इसको लेकर शिक्षकों के समक्ष पेश आने वाली दिक्कतों के बारे में बताया है।

### देरी पर व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाएंगे

संकुल प्राचार्यों के लिए जारी किए जाने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में यह स्पष्ट किया जाएगा कि किस तरह के मामलों में ई अटेंडेंस लगाने में देरी पर व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए संकुल प्राचार्य अपने संकुल क्षेत्र के शिक्षकों को राहत दे सकेंगे। इस निर्देश में यह भी साफ रहेगा कि संकुल प्राचार्य मनमानी न कर सकें और ई अटेंडेंस में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होने पाए।



**इंदौर।** शहर की सड़कों पर बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज और पटाखे जैसी आवाज पर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। लंबे समय से चल रही कार्रवाई में जब्त किए गए 1000 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसरों पर मंगलवार शाम को रोड रोलर चला दिया गया।

### बेसहारों का सहारा बने इंदौर कलेक्टर...



इंदौर। जनसुनवाई में आवेदकों की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट में इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने आवेदन लेखन की विशेष व्यवस्था कराई। यहां पर कलेक्टर ने उपस्थित वृद्ध महिला को गले लगाकर उन्हें संबल प्रदान किया।

## बिल्डर मटेरियल सप्लायर से 1.5 लाख की ठगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • परदेशीपुरा इलाके में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने खुद को पीड़ित का दोस्त धर्मेंद्र जाट बताकर कॉल किया और उसकी मां को सीएचएल अस्पताल में भर्ती होने की बात कही। इसके बाद डॉक्टर बनकर अलग नंबर से बात की और इलाज के नाम पर रुपए मांगे। झांसे में आए बिल्डर मटेरियल सप्लायर संजय ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन में करीब 1.5 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में दोस्त से बात करने पर ठगी का पता चला। संजय की शिकायत पर परदेशीपुरा पुलिस ने मंगलवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है।

**पहले दोस्त बनकर कॉल, फिर डॉक्टर बनकर मांगे रुपए**- संजय ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की शाम करीब 6 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दोस्त धर्मेंद्र जाट बताते हुए कहा कि वह सीएचएल अपोलो अस्पताल में है और उसकी मां को हार्ट अटैक आया है। बातचीत के दौरान एक व्यक्ति को उसका बेटा बताकर भी बात कराई गई। जल्दबाजी में संजय आवाज पहचान नहीं सका।

### न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली : रेस क्लब को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने याचिका ठुकराई, 15 दिन में करना होगा खाली
- कर्नाटक में सियासी हलचल तेज, नागेंद्र ने सीएम को दिया इस्तीफे का ऑफर
- ताहिर हुसैन पहुंचा दिल्ली HC, उम्रकैद के खिलाफ अपील
- TMC और NCP के 20 बागी सांसदों को लोकसभा का नोटिस, 7 दिनों में देना होगा जवाब
- पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दी मिलाद-उन-नबी की बधाई
- स्वाइन फ्लू की पुष्टि के बाद राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा अस्पताल में भर्ती
- सूर्यापेट : हैदराबाद के द्वारकुंटा के पास भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

---

**चारों लिफ्ट बंद, हजारों मरीजों की प्रतिदिन आवाजाही**

# एमवायएच की ओपीडी में 'लिफ्ट डाउन' ढाई करोड़ के बकाए में अटकी व्यवस्था

■ **सबसे बड़े अस्पताल में बुजुर्ग और गंभीर मरीज सीढ़ियां चढ़ने को मजबूर**

■ **पीडब्ल्यूडी विभाग का मेंटेनेंस भुगतान अटकने से बिगड़ी व्यवस्था**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में शामिल एमवायएच की नई ओपीडी में मरीजों को इलाज से पहले ही 'चढ़ाई' पार करनी पड़ रही है। यहां मरीजों को मंजिलों तक पहुंचाने वाली चारों लिफ्ट एक साथ बंद पड़ी हैं। नतीजा यह है कि रोजाना 3 हजार से ज्यादा मरीजों की आवाजाही वाले ओपीडी भवन में बुजुर्ग, गंभीर और चलने फिरने में असमर्थ मरीज सीढ़ियों के सहारे ऊपर-नीचे होने को मजबूर हैं।

**लिखित शिकायत की**-हैरानी की बात यह है कि लिफ्टों के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी जिस पीडब्ल्यूडी की है, उसका अस्पताल पर करीब ढाई करोड़ रुपए का भुगतान बकाया बताया जा रहा है। भुगतान और मेंटेनेंस के बीच मरीजों की सुविधा पिस रही है। नई ओपीडी में चारों लिफ्ट बंद होने की शिकायत अस्पताल प्रबंधन संबंधित विभाग को लिखित रूप से कर चुका है, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब हजारों मरीज रोजाना यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं तो लिफ्ट जैसी मूलभूत सुविधा को दुरुस्त रखने के लिए समय पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

**तीन मंजिल, हजारों मरीज और सीढ़ियां बनीं सहारा**-नई ओपीडी की तल मंजिल पर पर्ची काउंटर के अलावा आर्थोपेडिक्स और सर्जरी विभाग है। पहली और दूसरी मंजिल पर मेडिसिन, चर्म रोग, मनोरोग, एआरटी और चेस्ट सहित कई महत्वपूर्ण विभाग संचालित हो रहे हैं। इन विभागों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं और इनमें बुजुर्ग तथा गंभीर मरीजों की संख्या भी कम नहीं है। लिफ्ट बंद होने के बाद मरीजों को सीढ़ियों से मंजिल तक पहुंचना पड़ रहा है। कई बुजुर्ग मरीज कुछ सीढ़ियां चढ़ने के बाद रुककर आराम करते दिखाई देते हैं। गंभीर मरीजों और चलने-फिरने में परेशानी वाले मरीजों के लिए यह परेशानी और ज्यादा बढ़ जाती है। अटेंडरों को भी मरीजों को सहारा देकर ऊपर ले जाना पड़ रहा है।



### डॉक्टर-स्टाफ भी हो रहे परेशान

लिफ्टों के बंद होने का असर अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। रोजाना कई बार अलग-अलग मंजिलों पर आने-जाने वाले स्टाफ को सीढियों का इस्तेमाल करना पड रहा है। मेडिकल दस्तावेजों और अन्य जरूरी सामान को एक मंजिल से दूसरी मंजिल तक पहुंचाने में भी अतिरिक्त समय लग रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि सरकारी अस्पताल की ऐसी सुविधा, जिस पर रोज हजारों मरीज निर्भर हैं, वह भुगतान और विभागीय प्रक्रिया के बीच कब तक बंद रहेगी? अस्पताल में मरीजों को बीमारी से लडना है, व्यवस्था की लापरवाही से नहीं। चारों लिफ्टों को जल्द शुरू नहीं किया गया तो यह समस्या आने वाले दिनों में गंभीर रूप ले सकती है।

# बारिश में डूबने वाले इलाकों के लिए 200 करोड़ का प्लान, बिछाई जाएगी नई लाइन

## जहां हर बारिश में भरता है पानी वहां पहुंचेगी निकासी की लाइन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • हर बारिश में सड़क पर जमा पानी, जलमग्न होते इलाके और घंटों तक पानी निकासी का इंतजार करना पड़ता था, इस समस्या से शहर को निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने अब बड़ा दांव खेला है। निगम ने डिजास्टर मैनेजमेंट फंड के तहत केंद्र सरकार से 200 करोड़ रुपए मांगे हैं। इस राशि से शहर के उन इलाकों में नई स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाई जाएगी, जहां जलजमाव तो होता है, लेकिन पानी की निकासी के लिए पर्याप्त लाइन नहीं है। इसी प्रस्ताव को लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भोपाल में राज्य सरकार के अधिकारियों के सामने निगम का तैयार किया हुआ प्रोजेक्ट रखा। अधिकारियों के स्तर पर प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। अब इसे हाई पावर कमेटी और मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। वहां से क्लीयरेंस मिलने के बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसका बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार से मिलने की उम्मीद है।




प्रस्ताव के मुताबिक कुल लागत का 90 प्रतिशत केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देगी। पैसा राज्य सरकार के माध्यम से स्थानीय निकाय यानी नगर निगम को उपलब्ध कराया जाएगा। निगम ने ऐसे इलाकों को प्रोजेक्ट में प्राथमिकता दी है, जहां बारिश के दौरान बार-बार जलजमाव होता है। इन क्षेत्रों में या तो स्टॉर्म वाटर लाइन है ही नहीं या मौजूदा लाइन पानी की निकासी के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे स्थानों पर नई लाइन बिछाकर बारिश के पानी को तेजी से बाहर निकालने की व्यवस्था की जाएगी।

**निगम के लिए आसान नहीं**- शहर में बड़े पैमाने पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का काम निगम के लिए अकेले करना आसान नहीं है। निगम की मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए 200 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट अपने संसाधनों से पूरा करना मुश्किल है। इसी वजह से केंद्र और राज्य सरकार से फंडिंग लेने का रास्ता चुना गया है। राज्य स्तर पर प्रक्रिया आगे बढ़ने के बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। केंद्र से मंजूरी और फंड मिलने के बाद जलजमाव वाले क्षेत्रों का सर्वे कर प्राथमिकता तय की जाएगी। इसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों में स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। अगर योजना को मंजूरी मिलती है तो शहर के कई इलाकों को बड़ी राहत मिल सकती है।

**न्यूज ब्रीफ**

### संतों ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गौ माता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत इंदौर में आयोजित संभागीय संगोष्ठी में बड़ी संख्या में संत-महात्माओं, गौभक्तों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों से आए संत-महात्मा मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर परम पूज्य ग्वाल संत श्री गोपालानंद सरस्वती जी महाराज ने गौ संरक्षण की गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश में प्रतिदिन 85 हजार गायों का कटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने गौ माता के संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होकर प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया।

### बोल्ट ने एसीई 5जी और ईवीओ के साथ किया स्मार्टफोन सेगमेंट में डेब्यू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बोल्ट जो कि फायर-बोल्ट्ट का होमग्रोन स्मार्टफोन ब्रांड है, ने आज अपने पहले स्मार्टफोन्स —एसीई 5जी और ईवीओ के लॉन्च की घोषणा की है, जो स्मार्टफोन सेगमेंट में ब्रांड की एंट्री को दर्शाता है। आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किए गए ये स्मार्टफोन्स दमदार परफॉर्मेंस,एआई-पावर्ड एक्सपीरियंस, इमर्सिव डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ के साथ आते हैं, जिसमें रोज़मर्रा की जिंदगी में सबसे ज्यादा मायने रखने वाले फीचर्स पर खास फोकस रखा गया है।

### एमबीए एडमिशन का सफ़र शुरू करने के लिए हो जाएं तैयार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत- 25 अगस्त 2026: सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने एमबीए करने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 के लिए आवेदन आधिकारिक रूप से शुरू कर दिए हैं। पांच दशकों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सिम्बायोसिस, मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए छात्रों की पसंदीदा युनिवर्सिटी है, तथा विश्वस्तर पर प्रासंगिक, उद्योग जगत के अनुरूप और सर्वोच्च स्तर की मैनेजमेन्ट शिक्षा प्रदान करती है। सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट विंडो 21 अगस्त 2026 को खुल चुकी है और 25 नवम्बर 2026 को बंद हो जाएगी।

### बीकेटी टायर्स ने इंदौर में नए वेयरहाउस के साथ मध्य प्रदेश के कमर्शियल वाहन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ग्लोबल ऑफ-हाईवे टायर लीडर, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने भारत के ऑन-हाईवे टायर बाजार में अपनी पहुँच बढ़ाते हुए भारत के कमर्शियल वैहिकल रेडियल (सीवीआर) मार्केट में अपनी स्थिति मजबूत की है। कंपनी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में अपना नया वेयरहाउस शुरू किया है। इस वेयरहाउस का उद्घाटन 21 अगस्त, 2026 को किया गया।

**चार पंचायतों के कर्मचारी पहुंचे निगम मुख्यालय, जमकर की नारेबाजी**

# सफाई कर्मचारियों का निगम में हल्लाबोल तीन दिन में मांगें नहीं मानीं तो होगी हड़ताल

### आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना, ठेकेदारी प्रथा खत्म करने की रखी मांग



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर को सफाई में नंबर वन बनाए रखने वाले सफाई कर्मचारियों का गुस्सा मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में फूट पड़ा। विभिन्न मांगों को लेकर चार पंचायतों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी निगम मुख्यालय पहुंचे और आयुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी हाथों में तख्तियां लेकर निगम परिसर में ही जमीन पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को बड़ा रूप दिया जाएगा और हड़ताल का फैसला लिया जा सकता है। प्रदर्शन में सकल छावनी पंचायत, महावाल्मीकि पंचायत, महामना लश्करी पंचायत और वरिष्ठ जमीदारी पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए। सकल छावनी पंचायत के अध्यक्ष पटेल लेखराज नरवले ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर हो रहे अत्याचार और कार्रवाई के विरोध में कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग नगर निगम में चल रही ठेकेदारी प्रथा को खत्म करना है। इसके साथ ही 30 साल से काम कर रहे विनियमित कर्मचारियों को स्थायी करने और 15 से 20 साल से लगातार सेवाएं दे रहे दैनिक वेतनभोगियों को विनियमित करने की मांग की गई है।

## पार्षद कमलेश कालरा ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखा कि जीतू को बाहर करो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पार्षद कमलेश कालरा के घर हमले के बाद भाजपा से बाहर हुए तत्कालीन एमआईसी मेंबर जीतू यादव (जाटव) की 19 माह बाद पार्टी में वापसी हो गई है। वहीं अब इस पर कालरा ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि गुंडा तत्वों की वापसी हुई है।

जनवरी 2025 में ऑडियो विवाद के बाद इंदौर विधानसभा चार के वार्ड 65 से बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा के घर हमला हुआ था। आरोप लगा कि यह इंदौर विधानसभा-2 के वार्ड 24 के पार्षद जीतू यादव (जाटव) ने करवाया था। इस घटना के बाद जनवरी 2025 में जीतू को भाजपा ने 6 साल के लिए निकाल दिया था। इसके साथ ही उनका एमआईसी मेंबर का पद भी चला गया था। वहीं हाल ही में पुलिस द्वारा क्लीन चिट देने पर पार्टी ने 18 अगस्त को उन्हें वापस ले लिया और निलंबन खत्म कर दिया। पार्षद कालरा ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को जीतू को फिर पार्टी में लेने पर पत्र लिखकर आपत्ति जताई है। कालरा ने कहा कि इस घटना से उनका परिवार आज तक नहीं उभरा है। यह पिशाचत्व वाली घटना थी। कालरा ने पत्र में यह भी लिखा कि घटना के बाद जीतू पर पूरे इंदौर ने थू-थू किया। भाजपा की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उस गुंडे (यादव) को जिस पर इंदौर के विभिन्न थानों में कई गंभीर केस दर्ज हैं, उसे फिर से शामिल करना पड़ा। इन गुंडों के संरक्षणदाताओं की मानवीय संवेदनाएं कैसे नगण्य हो गईं।

## विधानसभा-4 में आठ दिन से पानी गायब, जगह-जगह गंदगी के ढेर और स्मार्ट मीटर का आतंक

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 के वार्ड 67 (सेठी नगर, वाल्दा कॉलोनी, बाराभाई और छत्रीबाग) में जनसंपर्क एवं जनसंवाद अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने गंभीर समस्याओं का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए बताया कि क्षेत्र में पिछले 8-10 दिनों से नर्मदा का पानी नहीं आ रहा है, जगह-जगह कचरे के ढेर और चौक पड़ी ड्रेनेज लाइनों से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है।

मच्छरों के प्रकोप और गंदगी के कारण आम जनता वह बच्चों में डेंगू, उल्टी-दस्त और बुखार जैसी बीमारियां फैल रही हैं और, फोड़े फुनसी जैसी बीमारियां फैल रही हैं जबकि नगर निगम की गाड़ी कचरा उठाने तक नहीं आ रही है। इसके अलावा, तेज दौड़ रहे स्मार्ट मीटरों के भारी-भरकम बिजली बिलों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। जनता की पीड़ा सुनने के बाद, शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं म.प्र. राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने तत्काल नगर निगम राजमोहल्ला के जोनल अधिकारी राजेश चौहान से मोबाइल पर चर्चा कर जनता की बात कराई और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो झोनल कार्यालय का घेराव और चक्का जाम किया जाएगा।

## ब्राह्मण गौरव पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला 'बड़े भैया' की चतुर्थ पुण्यतिथि पर परशुराम अवार्ड समारोह

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● श्री परशुराम सेना इंदौर द्वारा ब्राह्मण समाज के गौरव एवं समाजसेवी स्वर्गीय पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला 'बड़े भैया' की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर परशुराम अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पंडित दिनेश शर्मा 'विद्याधाम वालों को परशुराम अवार्ड से सम्मानित किया गया।*

श्री परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अनूप शुक्ला ने बताया कि यह सम्मान समारोह पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला 'बड़े भैया' के समाजसेवा और सामाजिक समर्पण को स्मरण करते हुए आयोजित किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्व को सम्मानित करने की यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी।*

समारोह में राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, पूर्व कैबिनेट मंत्री योगेंद्र महंत, हृदयेश दीक्षित, अनु बाजपेई, जितेंद्र त्रिपाठी एवं भूरालाल व्यास सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### पुलिस का रक्षाबंधन त्यौहार पर महिलाओं को तोहफा, सुरक्षा के तैनात रहेगा शक्ति मोबाइल दल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आगामी त्यौहारों, विशेषकर रक्षाबंधन के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में शहर में विशेष पुलिस टीमों वाले 'शक्ति मोबाइल वाहनों' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य त्यौहारों के दौरान बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर उमड़ने वाली भीड़ में महिलाओं को पूरी तरह सुरक्षित और भयमुक्त माहौल देना है। पुलिस कमिश्नर ने सख्त लहजे में निर्देशित किया है कि त्यौहारों की आड़ में हुड़दंग करने वाले या महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### कलयुग में श्रवण कुमार की श्रद्धा पुनम सिलावट की नवम पुण्य स्मृति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इन्दौर खटीक संघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रम्हलीन श्रद्धेयश्री पुनम सिलावट की नवम पुण्य स्मृति पर उनके सुपुत्र शशि पुनम सिलावट द्वारा प्रतिवर्षानुसार श्रद्धा सुमन एंव श्रद्धांजलि का आयोजन स्थानीय खटीक समाज धर्मशाला इन्दौर पर आयोजित किया गया। इस कलयुग में जब संतान अपने माता पिता को वृद्धाश्रम में भेजकर खुशहाल जीवन की उम्मीद कर रहे है। ऐसे समय में कुछ अदाहरण आज भी सामाजिक जीवन के लिए एक उदाहरण है।

### मंत्री विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 के वार्ड 9 को दी एक करोड़ 10 लाख के सामुदायिक भवन की सौगात



### महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने किया भूमि पूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मंगलवार दिनांक 25 अगस्त को विधानसभा 1 के वार्ड 9 में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने विकास कार्य की सौगात देते हुए 1 करोड़ 10 लाख की लागत से बनने जा रहे सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वंदे मातरम का विरोध करती है। वह देश में फिर से विभाजन के बीज बो रही है। आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस के पार्षदों ने नगर निगम में वंदे मातरम का विरोध किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कोई कार्रवाई अब तक नहीं की है। उन्होंने कहा था थी दम हो तो वंदे मातरम बुलवा कर दिखा दो।

### रबी की सीजन की तैयारी करने के लिए एसई, सीई विशेष ध्यान दें

**वरिष्ठ अधिकारी शनिवार, रविवार भी निरीक्षण करेंगे**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार दोपहर विभागाध्यक्षों की मिटिंग ली। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह बाद रबी सीजन प्रारंभ होने की स्थिति बनेगी। अधीक्षण अभियंता (एसई), मुख्य अभियंता (सीई) रबी की सीजन की तैयारी गंभीरता से करें। सिंचाई क्षेत्र के ग्रिडों के मैंटेनेंस, लाइनों के कार्य, पोल, ट्रांसफार्मरों के कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाए, ताकि रबी सीजन में किसानों को सिंचाई में सुविधा मिले। श्री सिंह ने कहा कि केडब्ल्यूएफ, आरडीएसएस, एसएसटीडी इत्यादि के कार्यो से कृषि क्षेत्र को पर्याप्त सुविधाएं मिलनी चाहिए, कृषक कल्याण वर्ष में हमें अधिकाधिक सुविधाएं प्रदत्त करना हैं। श्री सिंह ने कहा कि एक बार मानसून सक्रिय हो गया हैं, ऐसे में मौसमी में बदलाव के कारण यदि कही आपूर्ति बाधा आती हैं, तो ज्यादा कर्मिक लगाकर आपूर्ति सामान्य की जाए।



### विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर जयस छात्र संगठन ने कलेक्टर कार्यालय पर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आज जयस छात्र संगठन इंदौर जिला अध्यक्ष लखन बामनिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्यार्थियों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। जयस छात्र संगठन ने मांग की कि इंदौर में विद्यार्थियों के लिए सिटी बस पास का किराया न्यूनतम किया जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में राहत मिल सके। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास भत्ता शीघ्र जारी करने, तथा नर्सिंग विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त कॉलेजों में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई।



### एमआरटीबी अधीक्षक सुनील अवासीय का घेराव कांग्रेस ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मनोरमा राजे क्षय अस्पताल (एमआरटीबी ) में दवाइयों, सर्जिकल सामग्री एवं अन्य चिकित्सा सामग्री की खरीदी और स्टॉक व्यवस्था में भ्रष्टाचार एवं भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के अधीक्षक सुनील अवासीय का घेराव कर पूरे मामले की तत्काल उच्चस्तरीय जांच की मांग की। कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल एवं गिरीश जोशी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दवाई खरीदी तथा स्टॉक व्यवस्था में हुई गड़बड़ियों की जांच की मांग उठाई।

# रंगवासा शराब पार्टनरों की जुगलबंदी से बिक रही अवैध शराब

## ढाबों पर खुलेआम छलकते जाम, गुमटियों से बिकती शराब, जिम्मेदार गायब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर** ● रंगवासा शराब ठेकेदार और पार्टनरों की जुगलबंदी से रंगवासा क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। काउंटर के अलावा ढाबों और गुमटियों में चलता अवैध शराब का कारोबार आम जनता के लिए सर दर्द बन चुका। जानकारी के अनुसार संतोष मालवीय और जगदीश गहलोत के संरक्षण में खुलेआम शराब खोरी का धंधा चल रहा है। पहले गांव में और ढाबों पर प्लेन और मसाला शराब मिलती थी लेकिन अब अंग्रेजी शराब भी आसानी से मिलने लगी है इतना ही नहीं ढाबों और गुमटियों में शराब बिक्री पर अधिक वसूली की जा रही है। एमआरपी मूल्य से अधिक 20 से 30 रुपए ग्राहकों से लिए जा रहे हैं




भाव में भी ग्राहकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है।

शराब कारोबारी संतोष मालवीय और जगदीश गहलोत ने अवैध शराब कारोबार का रंगवासा क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। इनसे क्षेत्र की पुलिस और आबकारी विभाग भी परेशान है। एरिया इंस्पेक्टर ने शराब ठेकेदार को कहीं बार चेतावनी दी, लेकिन मालवीय और गहलोत को चेतावनी से कोई फर्क नहीं पड़ा लगातार क्षेत्र में बने होटल ढाबे और गुमटियों में अवैध शराब बिक रही है। इतना ही नहीं जानकारी में यह भी पता चला शाम होते ही ढाबों पर रंगवासा दुकान की अवैध शराब परोसी जाती आसपास के ढाबे अब बार बनते दिखाई दे रहे हैं। शराब ठेकेदार शासन प्रशासन के नियमों को तक पर रखकर काम कर रहे हैं। रंगवासा दुकान पर ना तो रेड लिस्ट है ना प्रशासन का नियम चलता है यहां तो सिर्फ संतोष मालवीय और जगदीश गहलोत द्वारा बनाए गए नियम ही चलते हैं इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार के पास दूसरी जगह की शराब भी बिकने के लिए आती है। मोटी कमाई के चक्कर में ठेकेदार और पार्टनर मिलकर रंगवासा दुकान से शराब का काला काम कर रहे इनके कारोबार से ग्रामीण क्षेत्र की जनता भी परेशान है नाम नहीं छापने की शर्त पर एक भाजपा नेता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की हालत नशे के कारोबार से बहुत ही खराब है। दूध की दुकानों से ज्यादा शराब की दुकान हो गई है आज का युवा नशे का आदि होता जा रहा इसके बावजूद भी ना पुलिस का ध्यान है ना आबकारी अधिकारी का प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी शक्ति से कार्रवाई करे तो बड़ी संख्या में अवैध शराब मिल सकती है।

आबकारी विभाग और पुलिस पर कहीं गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं इतने बड़े पैमाने पर ढाबे संचालित हो रहे हैं लेकिन अब तक जांच क्यों नहीं की गई साथ ही गाड़ियां भरकर गांव में अवैध शराब भेजी जा रही इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा। क्या पुलिस और आबकारी विभाग रंगवासा शराब ठेकेदार पर कार्यवाही करेंगे या फिर शराब ठेकेदार पुलिस और आबकारी को खुलेआम चुनौती देगा।



### अनूठी कार कावड़ यात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री परशुराम युवा सेना राष्ट्रीय संगठन के तत्वाधान में भव्य परंपरागत कार कावड यात्रा इस बार 23 अगस्त रविवार को निकाली गई संस्थापक अध्यक्ष पंडित वैभव पांडेय ने बताया यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कारो का काफिला इंदौर से महाकाल बाबा की नगरी में सैकड़ों युवाओं ने कावड उठाने का सौभाग्य प्राप्त किया और बाबा महाकाल का जलाभिषेक कर श्रावण के पावन माह में सभी श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ लिया। मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया यात्रा में मुख्य रूप से महामण्डलेश्वर पवन शर्मा जी, योगेंद्र महंत जी, संदीप दुबे , नितिन पांडे, नितिन मालू, मुकेश धारकर , आशीष शुक्ला , बबलू शर्मा , अनंत महंत, राकेश भंडारी, उपस्थित रहे , व्यवस्था हृदेश मिश्रा , शुभम पुरोहित , अंकित पाठक , शुशील शुक्ला , अभय शुक्ला राजेश उपाध्य , आशीष महंत ने संभाली।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 26 अगस्त 2026

## न्यूज ब्रीफ

### खाटू श्याम बाबा का सजेगा दरबार, भजन गायिका अनुष्का और अधिष्ठा देंगी भजनों की प्रस्तुति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●60 फीट रोड स्थित पल्हर नगर में 26 अगस्त, बुधवार को खाटू श्याम बाबा की भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर बाबा श्याम का आकर्षक दरबार सजाया जाएगा। आयोजन पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज के पावन सानिध्य में होगा। आयोजन प्रमुख अर्जुन सिंह चौहान, मुकेश शर्मा एवं आकाश शर्मा ने बताया कि सुखदेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका अनुष्का और अधिष्ठा भजनों की प्रस्तुतियां देंगी। भक्त देर रात तक बाबा श्याम के भजनों में भाव-विभोर होंगे। आयोजन के लिए खाटू श्याम बाबा का दरबार विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज सहित अन्य संत-महात्मा भी शामिल होंगे।

### अज्ञान, अहंकार और पाशविक प्रवृत्तियों का नाश करने के लिए शिव आराधना करें - पं. शास्त्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शिव का अर्थ की कल्याण है। प्राणी मात्र के लिए कल्याण और मुक्ति की प्राप्ति शिव पुराण के श्रवण से ही संभव है। शिव पुराण के श्रवण से भक्ति, भक्ति से प्रेम, प्रेम से सदभाव और सदभाव से भेदभाव मुक्त समाज का सृजन होता है। अज्ञान, अहंकार और समाज में व्याप्त पाशविक प्रवृत्तियों का नाश करने के लिए शिव आराधना और शिव पुराण जैसे ग्रंथों का मनन और मंथन जरूरी है। शिव पुराण भक्ति और मुक्ति का ग्रंथ है। तिलक नगर क्षेत्र के कृषि विहार उद्यान स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा में श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात आचार्य पं. शिवेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान शिव की भक्ति की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा में द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित भगवान शिव-पार्वती से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण चित्रण किया गया।

### भादौ अमावस्या पर आयोजित प्रभातफेरी की तैयारियों

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार की मेजबानी में भादवी अमावस्या के उपलक्ष्य में गुरुवार, 10 सितम्बर को सुबह 7 बजे से स्नेह नगर स्थित हनुमान मंदिर, वृंदावन गार्डन से अग्रवाल नगर स्थित राणी सती दादी के मंदिर तक निकलने वाली भव्य प्रभातफेरी की तैयारियों पर विचार मंथन के उद्देश्य से आयोजन से जुड़े सभी 45 प्रमुख महिला संगठनों की बैठक का आयोजन टैगोर मार्ग स्थित होटल अप्सरा पर बुधवार 26 अगस्त को दोपहर 4 बजे से रखा गया है। प्रमुख संयोजक श्रीमती संगीता अरविन्द बागड़ी ने बताया कि बैठक में राणीसती दादी की प्रभातफेरी की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा और विभिन्न जिम्मेदारियों का बटवारा भी किया जाएगा।

# भोपाल, उज्जैन-ग्वालियर संभाग में आज से तेज बारिश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ●प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 25.5 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे की 68 प्रतिशत है। अब तक 11% पानी कम गिरा है। इस वजह से प्रदेश के 40 जिलों में कम बारिश हुई है। 15 जिले ही ऐसे हैं, जहां औसत से ज्यादा पानी गिर चुका है। मौसम केंद्र के अनुसार, एक सप्ताह तक पूर्वी हिस्से को तरबतर करने वाला मानसून अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्से में एक्टिव होगा। अगले 2 दिन तक भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने बुधवार को भिंड, दतिया और सागर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, दमोह, मैहर और सिवनी में भारी बारिश की चेतावनी है। यानी, अगले 24 घंटे में इन जिलों में ढाई इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है।



### इन जिलों में भी बारिश का अनुमान

बुधवार को भोपाल, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, नीमच, मंदसौर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, मुरैना, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का अनुमान है।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि प्रदेश में सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिल रही है। इस वजह से लगातार तेज बारिश हो रही है। अगले तीन दिन तक कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी,रायसेन, रतलाम, खंडवा, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 2% से 49% कम पानी गिरा है।

### जून के बाद जुलाई-अगस्त में अच्छी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई की शुरुआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई। आखिरी सप्ताह में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया। बावजूद इसके 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हालांकि, जुलाई का कोटा तो फुल हो गया, लेकिन जून की भरपाई नहीं हो पाई।

### प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच

प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है। भोपाल में अगस्त में मानसून जमकर बरसता है। इस महीने राजधानी में औसत साढ़े 35 इंच तक बारिश हो चुकी है, जो साल 2006 में हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश करीब 12 इंच 14 अगस्त 2006 को हुई थी। पिछले सालों की बात करें तो 2015 और 2022 में 30 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

इंदौर में अगस्त महीने में औसत 28 इंच बारिश का रिकॉर्ड है, जो साल 1944 में दर्ज किया गया था। 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड 22 अगस्त 2020 को बनाया था। इस दिन साढ़े 10 इंच पानी गिरा था। पिछले 10 साल में दो बार 17 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

ग्वालियर में 24 घंटे में साढ़े 8 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 10 अगस्त 1927 को बना था। सर्वाधिक मासिक बारिश वर्ष 1916 में 28 इंच हुई थी। इस महीने की औसत बारिश साढ़े 9 इंच है। एवरेज 12 दिन बारिश होती है।

जबलपुर में एक महीने में 44 इंच बारिश का रिकॉर्ड है। 102 साल पहले यानी, वर्ष 1923 में अगस्त महीने में बारिश ने रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसी साल 20 अगस्त को 24 घंटे में ही 13 इंच बारिश हुई थी। यहां बादल फटने जैसी स्थिति बनी थी।

उज्जैन में इस साल अगस्त महीने में करीब 35 इंच बारिश हुई थी। इसी साल 24 घंटे में सर्वाधिक 12 इंच बारिश का रिकॉर्ड 10 अगस्त को बना था। उज्जैन में अगस्त की औसत बारिश 10 इंच है। 10 से 11 दिन यहां बारिश होती है।

## भारत स्काउट एवं गाइड जिला इंदौर का बेसिक स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत स्काउट एवं गाइड, मध्य प्रदेश राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार इंदौर जिला संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का सफ़ल समापन हुआ। जिला सचिव दिलीप मेहता ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 18 से 24 अगस्त 2026 तक शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय क्र. 45, छावनी हाट मैदान, इंदौर पर आयोजित किया गया था। इस शिविर में इंदौर जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया।



### कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दी गई ट्रेनिंग

शिविर को सफ़ल बनाने में मुख्य प्रशिक्षकों की अहम भूमिका रही। स्काउट मास्टर शिविर का सफल संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) भूपेन्द्र गज्जर द्वारा और गाइड कैप्टन शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त ( गाइड ) श्रीमति जागृति पटेल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहयोगी के रूप में जिला संगठन आयुक्त एएलटी प्रमोद गंगराड़े, एएलटी राजेन्द्र लश्करी, धीरज खनूजा, नारायण चौहान, राजेश नरगेर, अनिल देशमुख, तेजकुमार सिलावट, मनोरमा सावनेर, इंदिरा पंवार,जिला संयुक्त सचिव वैजयंती गेहलोत और सीमा अलावा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

शिविर के सफ़ल समापन पर जिला संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र अड़सूरे, जिला उपाध्यक्ष सर्वश्री प्रमोद एल. जाट, मनोहर मेहता, भारती मैडम, कोषाध्यक्ष हेमन्त मुरमकर और जिला कमिश्नर (रोवर) अनिल बागोरा यश जोशी राकेश पंडित सहित जिला संघ के सभी पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी नवनियुक्त स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## जलभराव वाले अंडरब्रिज में घुसी स्कूल-गाड़ी, रस्सी के सहारे बचाए गए 8 बच्चे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** ● पानी से भरे सिविल लाइन अंडरब्रिज में स्कूली बच्चों से भरा मैजिक वाहन फंस गया। वाहन में 7-8 बच्चे और एक शिक्षिका सवार थीं। पानी अधिक होने के कारण कुछ दूरी तक जाने के बाद मैजिक बंद हो गया। सभी बच्चों और शिक्षिका को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार शाम हुई तेज बारिश के बाद अंडरब्रिज में करीब साढ़े 3 से 4 फीट पानी भर गया था। स्थिति को देखते हुए रात में ही बैरिकेड्स लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया था। इसके बावजूद मंगलवार सुबह चालक ने बैरिकेड्स हटाए और मैजिक को पानी से भरे अंडरब्रिज में उतार दिया। मंगलवार सुबह मैजिक बच्चों को लेकर अंडरब्रिज से गुजर रहा था। पानी में कुछ दूर जाने के बाद वाहन बंद हो गया। पानी ज्यादा होने के कारण मैजिक आगे नहीं बढ़ सका। बच्चों और शिक्षिका को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश शुरू की गई। इसी दौरान चालक मौके से चला गया। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार को घटना की जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। प्रशासन की गाड़ी मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद रस्सी की मदद से मैजिक को पानी से बाहर निकाला गया। बच्चों और शिक्षिका को सुरक्षित बाहर निकालकर स्कूल भेज दिया गया।

## अभाविप ने कॉलेज समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी दी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव** ● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की देवास जिला एवं नगर इकाई खातेगांव ने शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, खातेगांव में विद्यार्थियों को हो रही शैक्षणिक और मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम खातेगांव को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम दिया गया। ज्ञापन में महाविद्यालय में पर्याप्त खेल सामग्री और स्पोर्ट्स सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके साथ ही, एमए के सभी विषयों में नियमित और पर्याप्त व्याख्यान संचालित करने तथा जिन विषयों में वर्तमान में कम कक्षाएं लग रही हैं, उनमें पर्याप्त लेक्चर शुरू करने की मांग भी रखी गई। अभाविप ने खातेगांव महाविद्यालय में एग्रीकल्चर, एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी सहित कृषि आधारित रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग की। परिषद का तर्क है कि क्षेत्र के ग्रामीण और शासकीय विद्यालयों में कृषि विषय लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। स्थानीय स्तर पर कृषि आधारित उच्च शिक्षा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

### सिका स्कूल पर 29-30 अगस्त को सिर्फ महिलाओं के लिए दो दिनी योग शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केंद्र के तत्वावधान में 29-30 अगस्त को स्कीम 78 विजय नगर स्थित सिका स्कूल पर शाम 4 से 5 बजे तक केवल महिलाओं के लिए दो दिवसीय सांध्य कालीन योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक किशोर गोयल, राजेश बंसल एवं योग केंद्र प्रभारी आशा बी. जैन ने बताया कि समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से वर्तमान में शहर में 18 स्थानों पर निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे हैं। अब 29-30 अगस्त को सिका स्कूल परिसर में शाम 4 से 5 बजे तक योग गुरु मनोज गर्ग के निर्देशन में योग शिविर के पश्चात इसी स्थान पर महिलाओं के लिए नियमित रूप से सांयकालीन योग कक्षाएं प्रारम्भ की जाएगी। वर्तमान में यहाँ प्रात: कालीन योग शिविर नियमित रूप से चल रहा है।

### अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर निकालेगा भव्य कलश यात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अपने पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती की पूर्व संध्या पर अग्रवाल समाज पूर्व क्षेत्र के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को नंदानगर मेन रोड स्थित सांईनाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारम्भ होकर मालवा मिल स्थित अग्रसेन धाम तक जाएगी। कलश यात्रा की तैयारियों पर विचार विमर्श के लिए मंगलवार को मालवा मील अग्रवाल धर्मशाला भवन पर समाज बंधुओं की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## 30 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता के लिए चयनित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव** ● खातेगांव स्थित सुषमा स्वराज स्टेडियम में सोमवार को देवास जिला स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में जिलेभर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 11 विधाओं के चार अलग-अलग वर्गों से कुल 30 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित सभी 30 खिलाड़ी आगामी 5 और 6 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में देवास जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के समापन पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी और पार्षद प्रतिनिधि ललित विश्नोई ने शिरकत की।

अतिथियों ने कहा कि कलारीपयट्टू जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं की शारीरिक क्षमता और प्रतिभा को बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में कांस्य और रजत पदक जीत चुकीं प्रतिभावान खिलाड़ी शिवानी तिवारी और यादवीं बोडाना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह दोनों खिलाड़ी आगामी नवंबर माह में तेलंगाना में आयोजित होने वाले 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस सफल आयोजन में देवास जिला अध्यक्ष दुर्गेश यादव, जिला सचिव अनुज यादव और आयोजन समिति अध्यक्ष निलेश यादव का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका यादव और तेज गिरी ने निभाई।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### बोलने से पहले सोचो...

क्योंकि शब्द केवल ध्वनि नहीं होते बल्कि वे सीधे किसी के हृदय पर प्रहार करने वाली अदृश्य धार होते है-तुम जो कह देते हो-वो तुम्हारे लिए क्षणिक हो सकता है पर सामने वाले के भीतर वही वाक्य वर्षों तक गूंजता रहता है-जीभ से निकला एक कठोर शब्द, आत्मा पर वैसा ही घाव छोड़ देता है जैसा कोई नुकीला औज़ार देह पर देता है-अंतर बस इतना है कि देह के घाव दिख जाते है, हृदय के नही और विडम्बना देखो-लोग अपने शब्दों की जिम्मेदारी से बच जाते है पर सुनने वाला उन्हें जीवन भर ढोता है! कभी-कभी हम क्रोध, अहंकार या क्षणिक आवेश मे वो कह जाते है जो वास्तव में कहना नहीं चाहते थे-पर जो कह दिया वो लौटता नहीं-शब्दों का कोई 'ठ्ठद्गश्च' नहीं होता-एक बार बोला गया वाक्य सामने वाले की चेतना में अपना घर बना लेता है! इसलिए बोलो पर ठहरकर; कहो पर करुणा के साथ; व्यक्त करो पर संवेदना के स्पर्श से क्योंकि संबंध संवाद से बनते है और असावधानी से टूट भी जाते है-सबसे पहले विचारों को परिष्कृत करो-फिर उन्हें शब्द दो वरना तुम्हारी वाणी ही तुम्हारे अपने प्रियजनों के हृदय पर पट्टियाँ चिपकाने की नौबत ला देगी! हम सभी कुछ भी कह देते है-ऐसा समझ कर की हमे क्या-वो सामने वाली की परेशानी है-पर वास्तव मे समझना चाहिए की शब्द का चयन कैसा हो-इसलिए मै हमेशा ओवरथिंकर लोग के फेवर मे ही लिखता हूँ-कई चीजें जो वे समझकर कहेंगे वो लगभग सत्य हो ही जाती है! तकलीफ सभी को होती है इसलिए कहने से पहले सोचिए-हाँ! ये मुझपर भी लागू होता ही है!

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत



सतीश शर्मा

# निमाड़ की राजनीति का अगला पन्ना अब राष्ट्रीय किताब में

## निमाड़ से निकला नाम, अब भाजपा के नक्शे पर नई लकीर

## गजेंद्र सिंह पटेल – सांसद से महामंत्री तक नहीं, मिट्टी से मिशन तक पहुँचे

किसी भूगोल का गौरव जब व्यक्ति के व्यक्तित्व में उतरता है, तब वह केवल प्रतिनिधि नहीं रहता, उस भूगोल की जीवित पहचान बन जाता है। गजेंद्र सिंह पटेल का जीवन ऐसी कहानी है—निमाड़ की तपती धरती, खरगोन-बड़वानी मप्र की आदिवासी बेल्ट, संघर्षों भरा बचपन और साधारण जीवन से निकली असाधारण राजनीतिक यात्रा। मिट्टी की गंध से उठकर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री के दायित्व तक पहुँचना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, उस अंचल के आत्मसम्मान की यात्रा है, जिसे लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर समझा गया। पिता उमराव सिंह पटेल की राजनीतिक विरासत और माता स्वर्गीय सुशीला बाई पटेल की अटूट ममता से मिले संस्कारों ने व्यक्तित्व गढ़ा। उन्होंने लोकसभा के दो चुनाव जीतकर जनता का विश्वास अर्जित किया और अब राष्ट्रीय संगठन के शीर्ष दायित्व तक पहुँचकर उस विश्वास को बड़े फलक पर खड़ा किया है। यह उपलब्धि व्यक्ति की कम, पूरे क्षेत्र के आत्मविश्वास की कहानी है।

माँ की गोद में मिले संस्कार और पिता की राह से मिली राजनीतिक दृष्टि—गजेंद्र सिंह पटेल के व्यक्तित्व की दो धाराएँ हैं, जो अंततः एक ही नदी बनती हैं। सुशीला बाई का संघर्षपूर्ण जीवन उन्हें सिखाता रहा कि अभाव मनुष्य की नियति नहीं, उसकी परीक्षा है। आदिवासी अंचल में सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा और स्वाभिमान की लौ बचाए रखना आसान नहीं था। पिता उमराव सिंह पटेल बड़वानी मप्र से विधायक और राज्य मंत्री रहे, लेकिन राजनीतिक पहचान के बावजूद परिवार की जड़ें अपनी मिट्टी से नहीं उखड़ीं। सरकारी महाविद्यालय बड़वानी से बीए और इंदौर से एलएलबी की शिक्षा ने गजेंद्र सिंह पटेल को केवल शैक्षणिक योग्यता नहीं, अपने क्षेत्र की पीड़ा को समझने और उसे शब्द देने की क्षमता दी। किसान और व्यवसायी के रूप में पेट्रोल पंप की देनदारी और खेती की मेहनत साथ लेकर चलना वह अध्याय रहा, जिसने उन्हें राजनीति से पहले जीवन की वास्तविकता सिखाई।

राजनीति में पहुँचने से पहले उन्होंने संगठन की धूल अपने पैरों पर लगाई थी। युवावस्था में संघ के विस्तारक के रूप में महू में काम करते हुए उन्होंने संगठन को बाहर से नहीं देखा, उसकी नसों में उतरकर समझा। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में उन्होंने आदिवासी समाज की आकांक्षाओं को राष्ट्रीय संगठन में स्वर



दिया। 2019 में खरगोन-बड़वानी मप्र लोकसभा सीट से पहली विजय और 2024 में पुनः निर्वाचित होना प्रमाण था कि उनकी राजनीति केवल संगठन की पसंद नहीं, जनता के विश्वास से भी पुष्ट थी। संसद में रेल लाइन, चिकित्सा महाविद्यालय, सिकल सेल एनीमिया, किसानों के प्रश्न, मोबाइल नेटवर्क, नई रेल परियोजनाएँ, कपड़ा पार्क और किसान योजनाओं जैसे विषयों पर उनकी सक्रियता ने क्षेत्रीय समस्याओं को राष्ट्रीय विमर्श तक पहुँचाया। शोर कम, निरंतरता अधिक रही। वे अपने क्षेत्र को केवल चुनावी नक्शे पर नहीं, विकास की वास्तविक जमीन पर देखते हैं।

फिर वह दिन आया, जब संगठन ने निमाड़ की इस जमीनी आवाज को राष्ट्रीय जिम्मेदारी दी। नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा ने 17 अगस्त 2026 को नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया। यह केवल पद की घोषणा नहीं थी; यह उस राजनीतिक दृष्टि की अभिव्यक्ति थी, जिसमें संगठन के शिखर तक पहुँचने का रास्ता महानगरों से गुजरना जरूरी नहीं। खरगोन-बड़वानी जैसे आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र से उठकर राष्ट्रीय संगठन के केंद्र में पहुँचना अपने आप में संदेश है। शीर्ष नेतृत्व ने क्षमता, निष्ठा, संगठनात्मक अनुभव और जनसंपर्क को महत्व दिया। यह उस कार्यकर्ता की प्रतिष्ठा है, जिसने पद के लिए अपनी जमीन नहीं छोड़ी और जमीन पर रहते हुए पद की ऊँचाई हासिल की।

किसी नेता की असली परीक्षा चुनाव जीतने के बाद शुरू होती है, क्योंकि तब मतदाता वोटर नहीं, अपने सवालों के साथ सामने खड़ा मनुष्य होता है। गजेंद्र सिंह पटेल की विशिष्टता इसी जन-संबंध में है। वे केवल सांसद नहीं, निमाड़ के गाँव-फालियों की आकांक्षाओं के प्रतिनिधि हैं। आदिवासी समाज की समस्याएँ उनके लिए भाषण की सामग्री नहीं, राजनीतिक प्रतिबद्धता हैं। किसान, युवा और दूरदराज के गाँवों में संचार तथा परिवहन की जरूरतें वे लगातार उठाते रहे हैं। पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया, लेकिन माँ से मिली सरलता नहीं छोड़ी। बसंती पटेल के जीवनसाथी और दो पुत्रों के पिता के रूप में परिवार तथा सार्वजनिक जीवन का संतुलन भी उनके व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण पक्ष है। नेतृत्व की विश्वसनीयता इसी से बनती है कि निजी सरलता और सार्वजनिक भूमिका में कितना अंतर है।

ऊँचाइयाँ अक्सर आदमी को जमीन से दूर कर देती हैं, लेकिन गजेंद्र सिंह पटेल की यात्रा का सुंदर पक्ष यही है कि ऊँचाई बढ़ी, जमीन नहीं छूटी। धूल भरी सड़कों से राष्ट्रीय संगठन के गलियारों तक पहुँचना केवल राजनीतिक यात्रा नहीं, धैर्य की साधना है। संसाधनों की कमी, क्षेत्रीय चुनौतियों और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने उन्हें संगठनात्मक रास्ते से नहीं भटकाया। भाजपा के ढाँचे में उन्होंने स्वयं को लगातार प्रमाणित किया। राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद क्षेत्र में सैकड़ों मंचों पर हुआ स्वागत इसी जुड़ाव का संकेत था। लेकिन उसका श्रेय लेने के बजाय उन्होंने कहा कि यह सम्मान खरगोन-बड़वानी के कार्यकर्ताओं का है। यही उनके व्यक्तित्व की कुंजी है। उपलब्धि के क्षण में भी पीछे खड़े लोगों को याद रखने वाले नेता की राजनीति में व्यक्ति से अधिक संगठन और स्वयं से अधिक समाज दिखाई देता है।

निमाड़ की आवाज अब दिल्ली के संगठनात्मक कक्षों में केवल सुनी नहीं जाएगी, उसके पीछे राष्ट्रीय दायित्व की शक्ति भी होगी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पिछड़े आदिवासी बेल्ट के पुत्र को राष्ट्रीय महामंत्री बनाकर संदेश दिया है कि योग्यता का कोई भौगोलिक पता नहीं और समर्पण की कोई सीमा नहीं। नितिन नबीन के नेतृत्व में बनी नई टीम में अनुभव और ऊर्जा के संयोजन में गजेंद्र सिंह पटेल का जमीनी अनुभव महत्वपूर्ण कड़ी है। किसान, आदिवासी और युवा के लिए यह नियुक्ति आशा का संकेत है कि उनकी आवाज सत्ता-केंद्र तक पहुँच सकती है। खरगोन-बड़वानी अब केवल संसदीय क्षेत्र नहीं, उस संभावना का प्रतीक है, जिसमें किसी पिछड़े अंचल का बेटा राष्ट्रीय नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है।

किसी जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि एक समय आए, जब पद नहीं, यात्रा बोलने लगे। गजेंद्र सिंह पटेल की यात्रा संघर्ष में तपे उस व्यक्तित्व की है, जिसमें पिता की राजनीतिक विरासत, माँ की ममता, शिक्षा का विवेक, किसान का श्रम, व्यवसायी की व्यावहारिकता, संघ का अनुशासन, भाजपा संगठन की साधना और जनता के विश्वास की मुहर है। राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व इस यात्रा का विराम नहीं, कठिनतर अध्याय का आरंभ है। निमाड़ की मिट्टी ने जिस बेटे को गढ़कर संसद भेजा, वही अब राष्ट्रीय संगठन में उस मिट्टी की आवाज लेकर पहुँचा है। गजेंद्र सिंह पटेल का कद केवल राष्ट्रीय पद से नहीं बढ़ा; उनके साथ खरगोन-बड़वानी, निमाड़, आदिवासी समाज, किसान और पूरे भूगोल की आकांक्षाएँ ऊँची हुई हैं। मिट्टी का यह बेटा अब राष्ट्र की धमनियों में अपनी धरती की धड़कन लेकर चल रहा है—यही उसके व्यक्तित्व की पहचान है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**
शिक्षाविद्, बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# भोजशाला विवाद में आधे दिन का बंद, कलेक्ट्रेट तक निकली रैली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • भोजशाला मामले को लेकर हिंदू समाज के आह्वान पर मंगलवार आधे दिन के लिए धार जिले में बंद रखा गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। इससे सामान्य दिनों की तुलना में बाजारों में सन्नाटा नजर आया। बंद को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। हिंदू समाज ने कहा कि भोजशाला मामले में हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद प्रशासन की ओर से अपेक्षित तरीके से पालन नहीं कराया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर समाज ने बंद का आह्वान किया था। संगठनों ने व्यापारियों और आम लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की थी। दोपहर के बाद हिंदू समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए लालबाग से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। हिंदू समाज के प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के बाहर भारी बैरिकेडिंग की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग के बाहर ही ज्ञापन लेने की व्यवस्था की गई। हिंदू समाज के प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। रैली को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास पुलिस बल भी तैनात किया गया।

ज्ञापन में हिंदू संगठनों ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सर्वे नंबर 596 पर मुस्लिम समुदाय को अस्थायी रूप से नमाज



अदा करने की अनुमति दी गई है, जबकि प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार भोजशाला के नजदीक सर्वे नंबर 612 पर नमाज अदा कराई जा रही है। संगठनों ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना बताते हुए कहा कि इससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। संगठनों ने प्रशासन से मांग की कि धार शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी मांग को लेकर उन्होंने धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपा। वहीं, इस पूरे मामले पर धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने कहा कि भोजशाला से संबंधित मामला न्यायालयीन प्रक्रिया के अंतर्गत है। सर्वे नंबर 596 और 612 को लेकर उठाए गए विवाद के संबंध में उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश के पालन के लिए कई विकल्प हो सकते हैं और इन्हीं विकल्पों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुबह शहर बंद के दौरान हिंदू संगठनों से जुड़े लोग शहर के बाजारों में पहुंचे और व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का अनुरोध किया। कुछ स्थानों पर दुकानें खुली मिलने पर उनसे भी बंद में सहयोग करने की अपील की गई। बंद का असर शहर में दिखाई दिया। हालांकि स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़ी दुकानें खुली रहीं। जरूरी सेवाओं को बंद से अलग रखा गया है, जिससे लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी न हो।

## दुकान और बेकरी में लगी आग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • शहर में सनावद रोड स्थित विजयलक्ष्मी अस्पताल के सामने कपड़े की दुकान और बेकरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दोनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से कपड़े, बेकरी का सामान और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने सूचना दी। नगर पालिका की तीन दमकलें मौके पर पहुंचीं। दुकानें बंद होने के कारण दमकल कर्मियों ने पहले ताले तोड़कर शटर खोले, इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। आग से हुए नुकसान और कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# गलत नक्शे से 50 से ज्यादा मकान-दुकान तोड़ने का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • खंडवा के भकराड़ा गांव में आबादी की जमीन को चरनोई भूमि बताकर अतिक्रमण की कार्रवाई किए जाने का मामला अब जनसुनवाई तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार महादेव राठौर और पटवारी राजेश मंडलोई पर राजस्व रिकॉर्ड के नक्शे में गड़बड़ी कर कार्रवाई कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, गलत ऑनलाइन नक्शे के कारण आबादी की जमीन पर वर्षों से रह रहे लोगों को अतिक्रमणकारी बता दिया गया। इसके बाद 50 से 70 लोगों के मकान और दुकानें तोड़ दी गईं, जबकि 100 से अधिक लोगों से अलग-अलग राशि का जुर्माना भी वसूला गया। ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत करते हुए मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों को पद से हटाकर उनके खिलाफ स्नङ्घक्र दर्ज की जाए। शिकायत के दौरान जनपद सदस्य बृजेंद्रसिंह पंवार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष चंदन सिंह पंवार, लक्की राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों के अनुसार, विवाद ग्राम भकराड़ा स्थित खसरा नंबर 476 और 350 से जुड़ा है। खसरा नंबर 476 का कुल रकबा 6.10 हेक्टेयर है और यह शासकीय आबादी मद में दर्ज है। वहीं खसरा नंबर 350 का रकबा 0.02 हेक्टेयर है और यह चरनोई मद में दर्ज है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ऑनलाइन नक्शे में खसरा नंबर 476 की आकृति वास्तविक नक्शे से छोटी हो गई और उसका कुछ हिस्सा खसरा नंबर 350 के ऑनलाइन नक्शे में जुड़ गया। इससे ऑनलाइन रिकॉर्ड में खसरा नंबर 350 की आकृति करीब 1.66 हेक्टेयर दिखाई देने लगी। इसी आधार पर आबादी भूमि पर काबिज लोगों को चरनोई भूमि पर अतिक्रमणकारी मानकर कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने कार्रवाई के बाद पुराने दस्तावेज और मिशल नक्शे खंगाले। रकबे और नक्शे का मिलान करने पर उन्हें ऑनलाइन नक्शे में गड़बड़ी होने की जानकारी मिली। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शुरुआत में ही पुराने राजस्व रिकॉर्ड और वास्तविक नक्शे का मिलान कर लिया जाता तो लोगों के मकान और दुकानें नहीं टूटतीं।

# नशे में कंटेनर दौड़ाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • धार में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर शराब के नशे में एक कंटेनर चालक ने वाहन को लापरवाही से दौड़ाया। इस दौरान कई बाइक सवार उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीमों ने कंटेनर का पीछा किया और भलगांवड़ी के पास रोककर चालक को गिरफ्तार कर लिया। घटना मंगलवार शाम की है आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। कंटेनर धार से राजगढ़ की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक शराब के नशे में था और वाहन को अनियंत्रित तरीके से चला रहा था। घटना के दौरान कई बाइक सवारों को बचकर निकलना पड़ा। सूचना मिलने पर तिरला डायल-112 और नौगांव डायल-112 की टीमों ने कंटेनर का पीछा शुरू किया। पुलिस ने वाहन रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक नहीं रुका। आरोप है कि चालक ने पीछा कर रहे डायल-112 वाहन को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। स्थिति को देखते हुए तिरला थाना प्रभारी ज्योति पटेल भी पुलिस टीम के साथ कंटेनर के पीछे रवाना हुईं। पुलिस ने लगातार पीछा करने के बाद भलगांवड़ी के पास कंटेनर को रोक लिया। चालक को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिया गया है।

## भोजशाला विवाद : सकल हिंदू समाज के आह्वान पर व्यापारियों ने रखा बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**कुक्षी** • भोजशाला विवाद को लेकर सकल हिंदू समाज के आह्वान पर मंगलवार को बाग और कुक्षी में बाजार बंद रहे। बंद के समर्थन में होटल, अनाज, कपड़ा और किराना व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। हालांकि मेडिकल स्टोर और फल-सब्जी की दुकानों को बंद से छूट दी गई थी। बाग में सकल हिंदू समाज की ओर से जबरेश्वर शिवालय से रैली निकाली गई। रैली में समाज के लोग तिरंगा लेकर शामिल हुए और नारेबाजी करते हुए थाना प्रांगण पहुंचे। यहां थाना प्रभारी हीरूसिंह रावत को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन में हिंदू समाज ने कहा कि भोजशाला उनकी आस्था और अस्मिता से जुड़ा विषय है। समाज की ओर से आरोप लगाया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मुस्लिम समाज द्वारा सर्वे नंबर 596 पर नमाज पढ़ी जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। हिंदू समाज के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे नंबर 612 पर नमाज पढ़ने का आदेश दिया था। समाज ने मांग की कि न्यायालय के आदेशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए और भोजशाला को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाए। ज्ञापन का वाचन महेश राठौर ने किया। भोजशाला विवाद को लेकर यह बंद पूरे धार जिले में आहूत किया गया था। बंद को सफल बनाने के लिए हिंदू समाज के सदस्यों ने एक दिन पहले गांव-गांव जाकर दुकानदारों और व्यापारियों से संपर्क किया था। उन्होंने व्यापारियों से मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर बंद का समर्थन करने की अपील की थी।

## टोल प्लाजा लगी आग, वाहनों की आवाजाही प्रभावित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खलघाट** • आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खलघाट टोल प्लाजा पर 25 अगस्त को शाम करीब 6 बजे एसी के आउटर में आग लग गई। इस घटना से टोल परिसर में हड़कंप मच गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि, टोल कर्मियों ने तुरंत अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगते ही टोल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। टोल प्लाजा पर बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

शुरू हुआ इंदौर में इंतजार के बाद बारिश का दौर...





# नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस के पास तीन दावेदार, भाजपा के पास लंबी कतार

## चुनाव में एक साल बाकी लेकिन दावेदार क्षेत्र में सक्रिय


अध्यक्ष संतोष ठाकुर, पूर्व नगर परिषद


जितेन्द्र गुड्डु ठाकुर, पार्षद


महेंद्र मकवाना

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**
नगर परिषद चुनाव में 1 साल से अधिक समय अभी बाकी है लेकिन राजनीतिक गलियारों में नगर के दावेदार क्षेत्र में सक्रियता दिख रहे हैं। भाजपा को कभी महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेसी घेरने का काम कर रहे तो कभी बेरोजगारी की आवाज उठा रहे हैं। इस बार देपालपुर में कांग्रेस की रहा आसन दिखाई दे रही है। जिसका मुख्य कारण भाजपा में टिकट मांगने वालों की कतार दिखाई दे रही। इतना ही नहीं देपालपुर में भाजपा कई हिस्सों में बटी हुई है जिसका फायदा परिषद चुनाव में कांग्रेसियों को मिलेगा सबसे पहला नाम देपालपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संतोष ठाकुर का आता है। कलोता समाज से आते बड़े परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पहले भी नगर पंचायत में अध्यक्ष रह चुके विकास करने का एक लंबा अनुभव इनके पास मौजूद है। इनके कार्यकाल में देपालपुर नगर को सड़कों की सौगात प्रधानमंत्री से मिली देपालपुर नगर की एक-एक सड़कों को बनाया गया। दूसरी सबसे बड़ी समस्या पेयजल की थी इन्हीं के कार्यकाल में पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर जल पहुंचने का काम हुआ था। दूसरा सबसे बड़ा नाम चार-बार के पार्षद जितेंद्र गुड्डू ठाकुर का आता है। आम जनता से सीधा जुड़ाव काम कराने में माहिर कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा नेताओं से भी इनके सीधे संबंध है पार्टी अगर इन्हें टिकट देती है। तो कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के वोट बैंक पर भी यह सेंध मार सकते हैं। इनके पास भी काम करने का एक लंबा अनुभव है। तीसरा नाम कांग्रेस नेता महेंद्र मकवाना का आता है युवा है हंसमुख चेहरा आम जनता से सीधा जुड़ाव कांग्रेस के कार्यक्रमों में हमेशा एक्टिव रहते हैं। पहले भी वार्ड 11 से टिकट मांगा था, लेकिन नगर परिषद के चुनाव पार्षदों से होना थे। इसलिए इन वक्त पर चुनाव नहीं लड़ा कांग्रेस के पास तीनों ही मजबूत दावेदार है लेकिन देखना होगा कांग्रेस किस पर अपना दाव लगाती है। भाजपा की बात करें तो नगर परिषद अध्यक्ष के लिए कहीं दावेदार मैदान में है कांग्रेस से भाजपा में गए पप्पू यादव का बड़ा नाम है। कांग्रेस से दो बार परिषद के अध्यक्ष रहे दूसरा नाम गोपाल कटेसरिया का आता है जो वर्तमान में परिषद में उपाध्यक्ष है। तीसरा नाम पार्षद अनिल धाकड़ का है नगर परिषद के लिए मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं पार्षद रवि चौरसिया भी इस कतार में है भाजपा के पास एक नाम और है जो चौंकाने वाला है। संगठन में सक्रिय मनोज पटेल के करीबी माने जाते हैं दिलीप यादव इन पर भी भाजपा दाव लगा सकती है। लेकिन इस बार भाजपा को टिकट देने में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना होगा यह राजनीतिक ऊंट आने वाले समय में किस करवट बैठता है।

# एमपीसीए का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आज इंदौर में

## जवागल श्रीनाथ और मंत्री सिंधिया होंगे अतिथि

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश भर के उभरते और उत्कृष्ट क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है । इस बार प्रदेश के इन होनहारों को पूर्व भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और मध्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को पुरस्कृत करेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपीसीए अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया भी इस समारोह में मौजूद रहेंगे। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आज शाम 7 बजे से होने वाले इस समारोह में घरेलू सत्र (रणजी ट्रॉफी, आयु वर्ग प्रतियोगिताएं और महिला क्रिकेट) में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, कोचों और मैच अधिकारियों को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। साथ ही एमपीसीए के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी विशिष्ट हस्ती को नवाजा जाएगा ।

### रतलाम मंडल के अतिरिक्त महाप्रबंधक ने निरीक्षण कर की समीक्षा

# पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज सेक्शन में पर्यटन सुविधाओं का होगा विस्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**महू ●** पश्चिम रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने मंगलवार को पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज सेक्शन का दौरा कर रेलवे व्यवस्थाओं और पर्यटन सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कालाकुंड रेलवे स्टेशन, वहां खड़े टूरिस्ट रेस्ट कोच और रेलवे म्यूजियम का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद वे हेरिटेज ट्रेन के विस्टाडोम कोच में सवार होकर पातालपानी स्टेशन पहुंचे। पातालपानी स्टेशन पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए अतिरिक्त महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने कहा हेरिटेज सेक्शन में पर्यटकों के लिए वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं और उनके संचालन की समीक्षा की गई है। आने वाले समय में सैलानियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां नागरिक सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही उच्च स्तरीय विचार-विमर्श कर नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा।



### नए टिकट कलेक्टर की मांग

दौरे के दौरान महू रेलवे स्टेशन पर टिकट कलेक्टरों की भारी कमी का गंभीर मुद्दा भी अधिकारियों के सामने आया। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए एजीएम प्रदीप कुमार ने मौके पर ही रतलाम मंडल के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक अक्षत कुमार से चर्चा की। एडीआरएम अक्षत कुमार ने आश्वस्त किया कि महू स्टेशन पर कर्मचारियों की कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा और जल्द ही नए टिकट कलेक्टरों की तैनाती की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने यात्रियों की आवाजाही और स्टेशन प्रबंधन से जुड़ी जानकारियां जुटाई। इस उच्च स्तरीय दौरे के बाद पातालपानी-कालाकुंड रूट पर पर्यटन सुविधाओं में बड़े सुधार की उम्मीद जागी है।

# 800 करोड़ की आस्कर पैलेस कॉलोनी की विकास मंजूरी रद्द

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर में बीजेपी नेता की 200 करोड़ की स्वास्तिक ग्रैंड कॉलोनी के बाद अब 800 करोड़ की कालोनी की विकास मंजूरी रह हुई है। इस प्रोजेक्ट का नाम आस्कर प्लेस है। इंदौर में जिला प्रशासन कॉलोनी सेल ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इसके तहत आस्कर प्लेस, ग्राम हिंगोनिया तहसील कनाडिया इंदौर की विकास मंजूरी रद्द कर दी गई है।

यह टाउनशिप सर्वे नंबर 222/1/1 व अन्य कुल 24 सर्वे नंबर की 26 हेक्टेयर जमीन पर है। यह पूरा प्रोजेक्ट मौजूदा बाजार की कीमत से करीब 800 करोड़ रुपए का है। यहां पर कुल 418 प्लाट काटे गए हैं। यह प्रोजेक्ट ऑन रिकार्ड मुंबई में रजिस्टर्ड मेसर्स निश्चित इन्फ्राटेक प्रालि के संचालक दीपक सोनी पिता रामबक्श सोनी के नाम पर है। जो इंदौर के समाजवादी इंदिरा नगर के निवासी है। इसी कंपनी द्वारा रुचि लाइफस्पेस टाउनशिप भी बनाई है। आस्कर और रुचि दोनों ब्रांड नाम इंदौर के ही एक जाने-माने




बिल्डर के साथ जुड़े हुए हैं। हालांकि कागजों पर वह मौजूद नहीं है। कागजों पर इस कंपनी में डायरेक्टर दीपक सोनी के साथ आशीष गुप्ता है। वहीं डेवलपमेंट टी में आशीष साहू, आशीष जैन व प्रफुल्ल चौहान है।

**इसलिए हुई विकास मंजूरी रद्द**-कॉलोनी विकास मंजूरी रद्द करने का आदेश अपर कलेक्टर व कॉलोनी सेल के नोडल अधिकारी रिकेश वैश्य ने जारी किया है। इस आदेश में बताया गया कि कंपनी द्वारा विकास मंजूरी 21 फरवरी 2024 को ली गई थी। लेकिन इस जमीन को लेकर लोकेश जैन द्वारा शिकायत की गई। इसमें बताया गया कि जमीन को लेकर जिला कोर्ट में केस दायर है जो 16 जनवरी 2024 से ही चल रहा है। लेकिन इस केस की जानकारी कॉलोनी सेल को कंपनी ने नहीं दी और विकास मंजूरी ले ली।

# यूनीपोल पर अवैध होर्डिंगों की शहर में फिर से बाढ़

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर नगर निगम मार्केट विभाग अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की मेहरबानियों के चलते इंदौर में जिस तरह से अवैध यूनीपोल लॉलीपॉप और होर्डिंग की बाढ़ आई हैं। एक तरफ जहां उक्त खबरों के बाद मार्केट विभाग अपर आयुक्त आकाश सिंह हो या उपायुक्त गरिमा पाटीदार या विभाग का ही वह बाबू राकेश चौहान जो कि उक्त निगम के मार्केट विभाग को चलाता हैं। इन लोगों में खौफ का माहौल है कि कहीं इनकी मिलीभगत अब आमजनता के सामने न आ जाए। यह सभी अधिकारी सवालों चलते मुंह छिपा रहे हैं। जबकि अब खबरों के बाद उच्च स्तर पर उक्त मामले की जांच की सुगबुगाहट शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है



कि खुद महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल शहर में लगे यूनीपोल लॉलीपॉप और होर्डिंगों के ऑडिट की रूपरेखा बना रहे हैं। लेकिन उच्च स्तरीय विचार मंथन के बावजूद यह सवाल बार उठ रहा है कि क्या वहीं अधिकारी और मार्केट विभाग के अदने कर्मचारी उक्त प्रक्रिया को अंजाम देंगे। या फिर मेयर और कमिश्नर यूनीपोल, लॉलीपॉप और होर्डिंगों के ऑडिट के लिए कोई नई टीम गठित करेंगे। फिलहाल यह सभी जवाब भविष्य के गर्भ में है। लेकिन यूनीपोल, लॉलीपॉप और होर्डिंगों को लेकर मार्केट विभाग के इन शातिरों की बजाय अन्य अधिकारियों से उक्त ऑडिट को किये जाने की मांग ज़ोर पकड़ रही हैं।

सुपीरियर सर्विसेज एडवायइजिग कंपनी द्वारा लगाए गए यूनीपोल लॉलीपॉप और अन्य अवैध होर्डिंगों की शहर में ऐसे विज्ञापनों की बाढ़ आ गई हैं। बताया तो यहां जा रहा है कि PRJ OOH और सुपीरियर सर्विसेज एडवायइजिग कंपनी द्वारा तय साइज, संख्या से कहीं ज्यादा यूनीपोल लॉलीपॉप लगवा दिए गए हैं।

# सार्वजनिक नहीं होगी इंदौर के भागीरथपुरा कांड की जांच रिपोर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर के भागीरथपुरा कांड की जांच रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं होगी। 25 अगस्त को हुई सुनवाई में याचिकाकर्ताओं ने रिपोर्ट को सामने लाने की मांग की थी, जबकि सरकार की ओर से इसका विरोध किया गया।

इंदौर के भागीरथपुरा कांड की जांच पूरी हो चुकी है। जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में भी पेश कर दी गई है। इस मामले में 25 अगस्त को सुनवाई हुई, जिसमें याचिकाकर्ताओं ने रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की। वहीं सरकारी वकीलों ने इसका विरोध किया। याचिकाकर्ता एडवोकेट रितेश इनानी ने कहा कि




यह जनहित याचिका है, इसलिए रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। फिलहाल इंदौर हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यानी अभी भागीरथपुरा कांड की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होगी।

**600 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट की थी पेश**-बता दें कि भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 36 मौतों के बाद इंदौर देशभर में चर्चा में आया था। इस मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट ने 27 जनवरी 2026 को रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोग बनाया था।

# 24 घंटे के शटडाउन से आज शहर में पानी की आफत, 20 टंकियां प्रभावित, हजारों घरों तक आज नहीं होगा जलप्रदाय

## बिलावली घाटी की 1200 एमएम पाइपलाइन के लीकेज सुधार के लिए कल से बंद है सप्लाई, निगम की टीमें सुधार कार्य में मंगलवार को देर शाम तक जुटी रहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम द्वारा लिया गया 24 घंटे का शटडाउन बुधवार को हजारों परिवारों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। बिलावली घाटी में 1200 एमएम की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज सुधारने के लिए मंगलवार को जलप्रदाय व्यवस्था बंद की गई है। इसका असर शहर की करीब 20 पानी की टंकियों पर पड़ेगा।

टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भर पाने के कारण बुधवार को इनसे जुड़े इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। मंगलवार शाम तक निगम की टीमें लीकेज सुधार समेत अन्य जरूरी कामों में जुटी रहीं। निगम ने इस शटडाउन का उपयोग एक साथ कई काम पूरे करने के लिए किया है, ताकि भविष्य में बार-बार जलप्रदाय रोकने की जरूरत न पड़े। बिलावली घाटी की मुख्य पाइपलाइन के लीकेज सुधार के साथ राजेंद्र नगर ब्रिज के नीचे पुरानी पाइपलाइन के लीकेज को ठीक करने और इंटर कनेक्शन का काम भी किया जा रहा है। इसके अलावा महनाका क्षेत्र में 250 एमएम का खराब



वॉल्व बदलने का काम भी शटडाउन के दौरान किया जा रहा है।

**इन इलाकों में रहेगा ज्यादा असर**-शटडाउन के कारण अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर 103. छत्रीबाग, राजमोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा, नरवल अगरबत्ती, कुशवाह मोहल्ला, टीगरिया, बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल, भक्त प्रहलाद नगर एमओजी लाइन और जय हिंद नगर सहित कई क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित हो सकता है। इन इलाकों में बुधवार को पानी सामान्य समय की तुलना में देरी से आने, कम दबाव से मिलने या कुछ क्षेत्रों में सीमित मात्रा में जलप्रदाय होने की स्थिति बन सकती है। खासकर वे परिवार जिनके घरों में पानी का भंडारण करने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, उन्हें ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### निगम की टैंकरों से राहत देने की तैयारी

नगर निगम के जलप्रदाय विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की तैयारी की है। हालांकि, बडी संख्या में क्षेत्रों में एक साथ जलसंकट की स्थिति बनने पर टैंकर व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को बुधवार के जलप्रदाय को लेकर पहले से पानी की व्यवस्था रखने की सलाह दी गई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि शटडाउन के दौरान पुराने लीकेज, इंटर कनेक्शन और खराब वॉल्व जैसे काम एक साथ किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य भविष्य में पाइपलाइन संबंधी समस्याओं के कारण बार-बार जलप्रदाय रोकने की जरूरत को कम करना है। मंगलवार शाम तक निगम की टीमें काम में जुटी हुई थी और काम पूरा होने के बाद जलप्रदाय व्यवस्था को सामान्य करने की तैयारी की जा रही थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।